# समाजशास्त्र / SOCIOLOGY

## प्रश्न-पत्र I / Paper I

निर्धारित समय : **तीन घंटे**
*Time Allowed :* ***Three Hours***

अधिकतम अंक : **250**
*Maximum Marks :* ***250***

---

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

***कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :***

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपे हुए हैं ।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।

## Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each section.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer (QCA) Booklet must be clearly struck off.*

---

## खण्ड A

## SECTION A

**Q1.** **निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में लिखिए :**

**Answer the following questions in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) समाजशास्त्र की प्रकृति की चर्चा कीजिए। सामाजिक मानवशास्त्र के साथ इसके संबंध पर प्रकाश डालिए।

Discuss the nature of Sociology. Highlight its relationship with Social Anthropology. *10*

(b) एक प्रस्थिति समूह (स्टेटस ग्रुप) के रूप में जाति-व्यवस्था की बदलती प्रकृति का विश्लेषण कीजिए।

Analyse the changing nature of caste as a status group. *10*

(c) एक संस्था के रूप में विवाह ने अपने दृष्टिकोण में 'अनुष्ठान' से लेकर 'व्यावसायिक' तक मूल परिवर्तन किया है। इस परिवर्तन के पीछे के कारकों की व्याख्या कीजिए।

Marriage as an institution has undergone a radical transformation from 'ritual' to 'commercial' in its outlook. Explain the factors behind this change. *10*

(d) नागरिक समाज की जीवंत संस्कृति प्रजातंत्र की ज़रूरत है ताकि नागरिकता के इसके आधार को सुदृढ़ किया जा सके। टिप्पणी कीजिए।

Democracy needs a vibrant culture of civil society in order to strengthen its foundation of citizenship. Comment. *10*

(e) टैल्कॉट पार्सन्स के द्वारा प्रस्तावित परिवार के 'बुनियादी एवं अलघुकरणीय' प्रकार्य क्या हैं ? व्याख्या कीजिए।

What are the 'basic and irreducible' functions of the family as proposed by Talcott Parsons ? Explain. *10*

**Q2.** (a) समाजशास्त्र यूरोपीय ज्ञानोदय और पुनर्जागरण के उत्पाद के रूप में उभरा है । इस कथन का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

Sociology is the product of European enlightenment and renaissance. Critically examine this statement. *20*

(b) क्या आप ऐसा सोचते हैं कि समाजशास्त्रीय अनुसंधान में 'वस्तुनिष्ठता' की अवधारणा अति-प्रचारित विचार है ? ग़ैर-प्रत्यक्षवादी विधियों के गुण एवं दोषों की विवेचना कीजिए।

Do you think 'objectivity' is an over-hyped idea in sociological research ? Discuss the merits and demerits of non-positivist methods. *20*

(c) सामाजिक गतिशीलता क्या है ? सामाजिक स्तरीकरण के 'बंद' एवं 'खुले' वर्गीकरण के प्रतिरूपों का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

What is social mobility ? Critically examine the classification of 'closed' and 'open' models of social stratification. *10*

**Q3.** (a) समाजशास्त्रीय अनुसंधान में डिजिटल एथनोग्राफी एवं दृश्य संस्कृति के उपयोग की बढ़ती प्रवृत्ति को आप कैसे देखते एवं आँकते हैं ?

How do you view and assess the increasing trend of digital ethnography and use of visual culture in sociological research ? *20*

(b) मार्क्सवादी विचारधारा की आलोचना के रूप में मैक्स वेबर की पुस्तक *'द प्रोटेस्टेंट एथिक एण्ड द स्पिरिट ऑफ कैपिटलिज़्म'* में अभिव्यक्त मुख्य विचार का वर्णन कीजिए।

Describe the main idea of Max Weber's book, *'The Protestant Ethic and the Spirit of Capitalism'* as a critique of Marxism. *20*

(c) कार्ल मार्क्स के द्वारा प्रतिपादित 'अलगाव' की मुख्य विशेषताओं की आलोचनात्मक व्याख्या कीजिए।

Critically explain the salient features of 'alienation' as propounded by Karl Marx. *10*

**Q4.** (a) 'मिश्रित पद्धति' से आप क्या समझते हैं ? सामाजिक अनुसंधान में इसके गुणों एवं सीमाओं की चर्चा कीजिए।

What do you understand by 'mixed method' ? Discuss its strengths and limitations in social research. *20*

(b) 'गिग' अर्थव्यवस्था की अवधारणा को परिभाषित कीजिए और श्रम बाज़ार एवं श्रमिकों के सामाजिक सुरक्षा पाश पर इसके प्रभाव की चर्चा कीजिए।

Define the concept of 'gig' economy and discuss its impact on labour market and workers' social security net. *20*

(c) कामकाज एवं रोज़गार की प्रकृति पर तकनीकी प्रगति एवं स्वचालन के प्रभावों का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।

Critically assess the impact of technological advancement and automation on the nature of work and employment. *10*

## खण्ड B

## SECTION B

**Q5.** **निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में लिखिए :**
**Answer the following questions in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) 'सामाजिक तथ्य' की विभिन्न विशेषताओं का वर्णन कीजिए। दुर्खीम के अनुसार आत्महत्या की दर किस प्रकार एक सामाजिक तथ्य है ?

Describe various characteristics of a 'social fact'. How is rate of suicide a social fact according to Durkheim ? *10*

(b) 'सामान्यीकृत अन्य' के माध्यम से 'आत्म' के विकास पर जी.एच. मीड के विचार की व्याख्या कीजिए।

Explain G.H. Mead's idea of development of 'self' through the 'generalised other'. *10*

(c) सामंती एवं पूँजीवादी समाजों में कार्य संगठन के सिद्धांतों की विभिन्नताओं का वर्णन कीजिए।

Describe the differing principles of work organization in feudal and capitalist societies. *10*

(d) 'शक्ति' किस प्रकार से 'सत्ता' से भिन्न है ? मैक्स वेबर के द्वारा प्रणीत विभिन्न प्रकार की सत्ताओं की चर्चा कीजिए।

How is 'power' different from 'authority' ? Discuss various types of authorities as theorized by Max Weber. *10*

(e) सामाजिक परिवर्तन में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की भूमिकाओं का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए। 'ऑनलाइन' शिक्षा और अध्यापन में इनकी बढ़ती प्रवृत्ति के बारे में आपके क्या विचार हैं ?

Critically examine the roles of science and technology in social change. What is your opinion on their increasing trend in 'online' education and teaching ? *10*

**Q6.** (a) समकालीन सामाजिक आंदोलनों में सोशल मीडिया की भूमिका को रेखांकित कीजिए और इसमें निहित चुनौतियों का वर्णन कीजिए।

Underline the role of social media in contemporary social movements and describe its challenges. *20*

(b) एक बहुसांस्कृतिक समाज विभिन्न प्रकार की विविधताओं — प्रजातीय, भाषायी एवं धार्मिक — को कैसे समायोजित करता है ? इसकी मुख्य चुनौतियों की चर्चा कीजिए।

How does a multicultural society accommodate diversities of all kinds — ethnic, linguistic and religious ? Discuss its major challenges. *20*

(c) आत्मवाद की अवधारणा की चर्चा कीजिए और बताइए कि यह प्रकृतिवाद से किस प्रकार भिन्न है।

Discuss the concept of animism and differentiate it from naturism. *10*

**Q7.** (a) क्या आधुनिकीकरण एवं धर्मनिरपेक्षता अनिवार्य रूप से एक साथ चलते हैं ? अपने विचार व्यक्त कीजिए।

Do modernization and secularization necessarily go together ? Give your views. *20*

(b) समकालीन समाज में सम्प्रदायों एवं पंथों की तेजी से वृद्धि की परिघटना को आप कैसे समझते हैं ? इस प्रवृत्ति के लिए उत्तरदायी कारकों की चर्चा कीजिए।

How do you understand the phenomena of the mushrooming of sects and cults in contemporary society ? Discuss the factors responsible for the trend. *20*

(c) समाज में सामाजिक पदानुक्रमों के निर्माण एवं रख-रखाव में शक्ति-विन्यास के आयामों की चर्चा कीजिए।

Discuss the dimensions of power in the construction and maintenance of social hierarchies in a society. *10*

**Q8.** (a) आधुनिक परिवार न केवल एकल एवं नव-स्थानीय हुए हैं, बल्कि संतान-केन्द्रित भी हो गए हैं। आप इस प्रवृत्ति की कैसे व्याख्या करेंगे ?

Modern families have not just become nuclear and neo-local, but also filiocentric. How do you explain this trend ? *20*

(b) सामाजिक परिवर्तन के विभिन्न सिद्धांतों की चर्चा कीजिए। सामाजिक परिवर्तन के एकरेखीय सिद्धांत की सीमाओं की व्याख्या कीजिए।

Discuss various theories of social change. Explain the limitations of unilinear theory of social change. *20*

(c) विभिन्न राष्ट्रों के विकास और निर्भरता के संदर्भ में इमैनुएल वॉलरस्टीन के विश्व-व्यवस्था सिद्धांत का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।

Critically examine the World-Systems theory of Immanuel Wallerstein in terms of development and dependency of various nations. *10*